फा.सं. मु.-गो 11011/55/2023-गो-1/1 (ई फाईल सं.4790)

कर्मचारी चयन आयोग
(गोपनीय-1/1)

***

विषय: संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तरीय परीक्षा (सीएचएसएलई), 2022- डाटा एंट्री कौशल परीक्षा (डीईएसटी) में उपस्थित होने हेतु अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए टियर-I के अतिरिक्त परिणाम की घोषणा।

कर्मचारी चयन आयोग ने दिनांक 19.05.2023 को परीक्षा के अगले चरण हेतु अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट करने के लिए संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तरीय परीक्षा, 2022 के टियर-I का परिमाण घोषित किया था।

2. परीक्षा विज्ञप्ति के पैरा 14.9 के अंतर्गत उल्लिखित टियर-II परीक्षा की योजना के अनुसार, डाटा एंट्री कौशल परीक्षा (डीईएसटी) सत्र-II (खंड-III: मॉड्यूल-II) में आयोजित किया जाना है जिसमें डाटा एंट्री ऑपरेटर (डीईओ) और अवर श्रेणी लिपिक / कनिष्ठ सचिवालय सहायक / कनिष्ठ निजी सहायक के पदों के लिए अलग-अलग कौशल परीक्षा आयोजित की जानी है।

3. तदनुसार, डाटा एंट्री ऑपरेटर (डीईओ) के पद हेतु डाटा एंट्री कौशल परीक्षा (डीईएसटी) में उपस्थित होने के लिए श्रेणीवार कट-ऑफ अंक और शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की संख्या इस प्रकार है: -

श्रेणी	कट-ऑफ अंक	उपलब्ध अभ्यर्थी
अना	181.10723	182*
अपिव	181.10723	185
आकव	178.71697	153
योग	--	**520**

*उपरोक्त सारणीबद्ध अनारक्षित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त 185-अपिव और 84-आकव अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी में अर्हता प्राप्त कर रहें हैं।

4. दिनांक 19.05.2023 को जारी किए गए परिणाम के अनुसार, टियर-II की डाटा एंट्री कौशल परीक्षा (डीईएसटी) में उपस्थित होने के लिए 40224 अभ्यर्थियों को अवर श्रेणी लिपिक/कनिष्ठ सचिवालय सहायक/ कनिष्ठ निजी सहायक के पद के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। इसके अतिरिक्त, संलग्न की गई सूची-II के अनुसार, डाटा एंट्री ऑपरेटर (डीईओ) के पद के लिए डाटा एंट्री कौशल परीक्षा (डीईएसटी) में उपस्थित होने हेतु 520 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है।

5. संयुक्त उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्तरीय परीक्षा (सीएचएसएलई), 2022 के दिनांक 19.05.2023 के टियर-I के परिणाम लेख (रिजल्ट राइट-अप) के अन्य विवरण समान रहेंगे।

अवर सचिव (गो.-1/1)
02.06.2023